बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन, लि0

"खाद्य भवन", दारोगा राय पथ, आर0 ब्लॉक, रोड नं0–2, पटना–800001

पत्रांकः– 2075 परिवहन/पटना दिनांकः– 02/03/17

प्रेषक,

पंकज कुमार, भा0प्र0से0
प्रबंध निदेशक।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

विषयः– **बिहार राज्य खाद्य निगम द्वारा खाद्यान्नों के उठाव के कारगर पर्यवेक्षण हेतु "जन वितरण प्रणाली अन्न पर्यवेक्षण कवच" को लागू एवं सक्रिय करने के संबंध में।**

प्रसंगः– **इस कार्यालय का पत्रांक 2953 दिनांक 02.03.2016**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के माध्यम से एस0एफ0सी0 द्वारा खाद्यान्नों के उठाव के कारगर पर्यवेक्षण हेतु "जन वितरण प्रणाली अन्न पर्यवेक्षण कवच" को लागू करने के लिए विस्तृत दिशा निदेश जारी किया गया था, जिसमें ऑन लाईन GPS एवं लोड शेल युक्त वाहनों से खाद्यान्नों का परिवहन कराना, FCI से SFC तथा SFC से PDS दुकान तक भेजे जाने वाले खाद्यान्न की मात्रा, वाहन संख्या एवं ड्राईवर के मोबाईल नं0 की सूचना SMS के माध्यम से सभी संबंधित को भेजना, TPDS गोदाम का अंतिम (शेष) भंडार का दैनिक प्रतिवेदन E-Mail के माध्यम से जिला प्रबंधक, जिला पदाधिकारी और प्रमण्डलीय उप निदेशक, खाद्य को प्रतिदिन भेजना– प्रमुख रूप से शामिल है। SMS के माध्यम से पर्यवेक्षण कवच लागू नहीं होने से अनाज लदे वाहनों के पथभ्रष्ट होने अथवा कूपथगमन की सभावना बनी रहती है।

अतः अनुरोध है कि अन्न पर्यवेक्षण कवच को शत्–प्रतिशत लागू किया जाय एवं इसका उल्लंघन करने वाले खाद्यान्नों के उठाव एवं डिस्पैच से जुड़े सभी अधीनस्थ कर्मियों/पदाधिकारियों– 4G कर्मी, आई0टी0 मैनेजर, उठाव प्रभारी, सहायक प्रबंधक एवं जिला प्रबंधकों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय।

अनुलग्नक:– प्रसंगाधीन पत्र की प्रति।

विश्वासभाजन,

2/3/17 2/3/2017
(पंकज कुमार)
प्रबंध निदेशक।

ज्ञापांकः– 2075 /दिनांकः– 02/03/17

प्रतिलिपिः– सभी जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश है कि इस आदेश की प्रति के साथ खाद्यान्नों के उठाव एवं डिस्पैच से जुड़े सभी अधीनस्थ कर्मियों/पदाधिकारियों– 4G कर्मी, आई0टी0 मैनेजर, उठाव प्रभारी, सहायक प्रबंधक को अवगत करा दी जाय।

2/3/17 2/3/2017
(पंकज कुमार)
प्रबंध निदेशक।

ज्ञापांकः– 2075 /दिनांकः– 02/03/17

प्रतिलिपिः– विकास आयुक्त, बिहार/अपर सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

2/3/17 2/3/2017
(पंकज कुमार)
प्रबंध निदेशक।

उप-प्रमुख परिवहन

Claim: S*K*G* 40